भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3287
उत्तर देने की तारीख: 09.07.2021

निष्ठा कार्यक्रम

3287. सुश्री सुनीता दुग्गलः

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) निष्ठा (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र प्रगिति के लिए राष्ट्रीय पहल) योजना का उद्देश्य क्या है;
(ख) क्या निष्ठा योजना सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) इस योजना के तहत उपलब्ध पाठ्यक्रम क्या हैं; और
(घ) उक्त योजना के तहत कितने शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने अगस्त 2019 में समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसे निष्ठा - स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल कहा जाता है, के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर अधिगम परिणामों में सुधार के लिए एक पहल शुरू की है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों में आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना, शिक्षकों को विविध परिस्थितियों को संभालने और प्रथम स्तर के परामर्शदाताओं के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित और सुसज्जित करना है। शिक्षा भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है। हालांकि, केरल और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने निष्ठा प्रशिक्षण में भाग लिया है।

(ग) और (घ): कोविड-19 चुनौतियों के कारण और प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों को निरंतर सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए, इस विभाग ने अक्टूबर 2020 में दीक्षा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके निष्ठा ऑनलाइन लॉन्च किया है ताकि प्रारंभिक शिक्षकों तक पहुंच बनाई जा सके और इसके आगे सभी के लिए विस्तार किया जा सके।

दीक्षा प्लेटफॉर्म पर निष्ठा ऑनलाइन में 11 भाषाओं में 18 पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। शिक्षक अधिगम परिणामों, क्षमता आधारित अधिगम और परीक्षण, शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षण, स्कूल रक्षा और सुरक्षा, व्यक्तिगत-सामाजिक गुणों, समावेशी शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित शिक्षण-अधिगम में आईसीटी, योग सहित स्वास्थ्य और कल्याण, पुस्तकालय सहित स्कूल शिक्षा में नई पहलों, इको क्लब, यूथ क्लब, किचन गार्डन, स्कूल नेतृत्व गुण, पर्यावरण संबंधी सरोकारों, प्री-स्कूल, पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा और स्कूल आधारित मूल्यांकन सहित स्कूली शिक्षा में नई पहल, आनंदपूर्ण अधिगम के तरीके की ओर उन्मुख हैं। 31 मार्च 2020 तक, 23000 प्रमुख संसाधन व्यक्तियों और लगभग 17 लाख प्राथमिक शिक्षकों को आमने-सामने मोड में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया था। जून, 2021 तक लगभग 24 लाख शिक्षकों ने प्रारंभिक स्तर पर निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

*****